Bareilly, Tuesday,
BAREILLY EDITION

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 04 TOP

# एसआरएमएस व क्रिकेट नर्सरी सेमीफाइनल में

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (27 Oct):** स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली में चल रही पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए. पहले मैच में एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आरबीएमआइ अकादमी को हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया. वहीं दूसरे मैच में क्रिकेट नर्सरी ने बरेली चैंप्स को पांच विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया.

## आरबीएमआइ ने जीता टास

पहले मैच में आरबीएमआइ ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, लेकिन पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर मात्र 83 रन ही बना सकी. टीम के लिए आयुष कुमार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 60 रन बनाए. एसआरएमएस की ओर से जागवान और नरेंद्र ने दो-दो विकेट जबकि फरहान, अंशुमन, हर्षित व रिजवान ने एक-एक विकेट हासिल किया. जवाब में एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने लक्ष्य को 12.6 ओवरों में तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया. टीम की ओर से अभिमन्यु ज्वाला ने 34 रन और अंकित यादव ने नाबाद 19 रन बनाए. ज्वाला को मैन आफ द मैच चुना गया. दूसरे मुकाबले में बरेली चैंप्स ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 16.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 85 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करते हुए क्रिकेट नर्सरी ने 16.4 ओवर में पांच विकेट पर जीत दर्ज की. सुबोध गंगवार व शाहिद ने 18-18 रन बनाए. मैन आफ द मैच का पुरस्कार सुबोध गंगवार को मिला. इससे पहले सोमवार को क्रिकेट मैच का उद्घाटन अनुष्का ट्रस्ट के ट्रस्टी राकेश पटेल और क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा रहीं.